## प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 14.03.2024

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

**जिलाधिकारी महोदय खीरी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत आग की घटना के पीड़ितो से मिलकर जाना हालचाल तथा मौके पर पीड़ितों को दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुएँ वितरित करके,नियमानुसार पीड़ितों को आर्थिक सहायता हेतु मौके पर संबंधित को निर्देशित किया गया**









आज दिनांक 14.03.2024 को जिलाधिकारी महोदय खीरी, श्री महेन्द्र बहादुर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा दिनांक दिनांक 13/14.03.2024 की रात्रि को थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रुद्रपुर में लगी आग के पीड़ितों से मिलकर उनका हाल जाना गया तथा तात्कालिक रूप से मौके पर पीड़ितों को दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं वस्तुये वितरित की गई एवं आग से हुयी क्षति का मुल्यांकन करके नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

दिनांक 13/14.03.2024 की रात्रि को थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रुद्रपुर में आग लग गयी थी , जिससे 05 घर जल गए, आग लगने से एक परिवार के 05 लोग सोते समय झुलस गये, जिसमे से 01 बच्चे की मौके पर मृत्यु हो गई तथा 04 अन्य आग की चपेट में झुलस गये। पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन में थाना खीरी पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुॅचकर आग पर काबू पाया गया तथा आग बुझा दी गयी। घायलों को तत्काल पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ, प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल पिता व पुत्री 02 लोगों के अत्यधिक जल जाने के कारण केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां पर एक बच्ची की मृत्यु हो गई। एक अन्य घायल महिला को आज सुबह लखनऊ रेफर किया गया है। जो अभी सुरक्षित है पुलिस व प्रशासन द्वारा पीड़ितों को हर सम्भव मदद पहुंचाई जा रही है।

## <u>आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों के दृष्टिगत जनपद खीरी पुलिस द्वारा अर्द्धसैनिक बलों के साथ संयुक्त रूप से एरिया डोमिनेशन किया गया</u>










पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु जनपद खीरी पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है जिसके लिए जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा नियमित रूप से संवेदनशील ग्रामों, कस्बों एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों में पैदल गस्त/एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 14.03.2024 को उपजिलाधिकारी निघासन महोदय, प्रभारी निरीक्षक निघासन व प्लाटून कमाण्डर के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बल व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना निघासन क्षेत्र के वल्नरेबल मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया तथा आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारो के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया।

**<u>थाना शारदानगर पुलिस द्वारा, 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर 01 नफर अभियुक्त भगौती प्रसाद को गिरफ्तार किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.03.2024 को 01 नफर अभियुक्त को चकई पुल के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा में बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना शारदानगर पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u>**
1.भगौती प्रसाद पुत्र स्व0 माताप्रसाद निवसी ग्राम सिरसी थाना शारदानगर खीरी

**<u>अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी का विवरण</u>**
1- 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा

**<u>अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग</u>**
1- मु0अ0सं0 53/2024 धारा 8/20 NDPS Act.

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>**
1. उ0नि0 अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी थाना शारदानगर जनपद खीरी
2. हे0का0 राजीव यादव थाना शारदानगर जनपद खीरी
3. का0 सुनील यादव थाना शारदानगर जनपद खीरी
4. का0 आशुतोष रावत थाना शारदानगर जनपद खीरी

# वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी

1-थाना गोला पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 284/24 धारा 279/338 भादवि में वारंटी अभियुक्त मंगूलाल पुत्र कढीले नि0 बजीरंग थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

2- थाना मझगई पुलिस द्वारा, अ0सं0 2980/06 धारा 26 एफ एक्ट व 36(5) वन अधिनियम में वारंटी अभियुक्त रामविलास थाना मझगई जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

3- थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 59/23 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम में वारंटी अभियुक्त छत्रपाल पुत्र बिन्द्रा नि0 त्रिकोलिया थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

4-थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 190/2024 धारा 379/411 भादवि में 01 नफर वांछित अभियुक्त मुकेश कनौजिया पुत्र कृष्ण कुमार नि0 कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

5- थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 192/2024 धारा 379 भादवि में 01 नफर वांछित अभियुक्त मो0 आरिफ सिद्दीकी पुत्र एजाज नि0 महाजराजनगर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

6- थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 98/2022 धारा 354 (ख) भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट में 01 नफर वांछित अभियुक्त समीद पुत्र लतीफ खां नि0 गदनिया थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

## थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, जुआं खेलते हुए 06 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें बरामद कर गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा जुआं खेलते हुए कुल 06 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना सम्पूर्णानगर पर मु0अ0सं0 58/24 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 260 लीटर अवैध शराब बरामद कर 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **260 लीटर अवैध शराब** व **03 शराब भट्टी** बरामद कर **16 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **16 अभियोग** पंजीकृत किए गए।